<u>क्लस्टर हेतु तकनीकी उन्नयन योजना – धेमाजी , असम</u>

<u>सफलता की कहानी</u>

योजना का नाम	"क्लस्टर हेतु तकनीकी उन्नयन
ClusterName	हैण्डलूम वीविंग क्लस्टर
स्वीकृति का वर्ष	2018-19
वितरित धनराशि	रू. 38.00 लाख
सदस्यों की सं.	75
कार्यान्वयन एजेंसी	भारतीय उद्यमिता संस्थान (IIE), गुवाहटी

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (NBCFDC) ने अपनी "क्लस्टर हेतु तकनीकी उन्नयन'' योजना के तहत हथकरघा बुनाई क्लस्टर की 75 महिला सदस्यों के लिए परियोजना को मंजूरी दी थी। वर्ष 2018-19 में असम में उत्साही बुनकरों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए यह योजना जिला – धेमाजी, गुवाहाटी, असम में भारतीय उद्यमिता संस्थान (IIE) के माध्यम से क्रियान्वित की गई है।

इस योजना के तहत NBCFDC ने 15 स्वयं सहायता समूहों (SHG) के 150 सदस्यों को आवश्यक उपस्कर और सामग्री के साथ 75 जैक्कार्ड करघे वितरित किए। मौजूदा समय में इस क्लस्टर के दस्तकारों को लगता है कि इससे उनके जीवन में काफी बदलाव आया है और उन्हें इस योजना ने आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया है। इस समूह के दस्तकार कपड़े तैयार कर रहे हैं जैसे- अंगौछा, मुगा, टॉस आदि और आगे अपने आसपास के इलाके में विपणन संयोजना स्थापित कर रहे हैं। इससे पहले इन दस्तकारों के परिवार बहुत कठिनाई का सामना करते थे किन्तु NBCFDC के हस्तक्षेप के बाद वे अपने जीवन साथी के साथ-साथ अपने परिवार के जीवन स्तर में सुधार करके आर्थिक रूप से सहयोग कर रहे हैं।

क्लस्टर के सदस्य अत्यंत जरूरी सहायता प्रदान करने हेतु NBCFDC एवं भारतीय उद्यमिता संस्थान (IIE) के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।